# अध्याय – 7 | मानव स्वास्थ्य और रोग

**QUIZ PART-04**

1. **मलेरिया किस प्रकार का रोग है?**
A. प्रोटोज़ोआ जनित
B. कवक जनित
C. विषाणु जनित
D. जीवाणु जनित (A)

*व्याख्या :* मलेरिया एक प्रोटोज़ोआ जनित रोग है, जो प्लाज्मोडियम नामक परजीवी के कारण होता है। यह रोग संक्रमित एनोफिलीज़ मादा मच्छर के काटने से फैलता है।

2. **मलेरिया का वाहक कौन है?**
A. क्यूलेक्स मच्छर
B. एडीज मच्छर
C. मादा एनोफिलीज मच्छर
D. सैंड फ्लाई (C)

*व्याख्या :* मलेरिया का प्रसार मादा एनोफिलीज मच्छर द्वारा होता है, जो प्लाज्मोडियम के संक्रामक रुप (स्पोरोज़ोइट्स) को मनुष्य के रक्त में प्रवेश कराता है।

3. **मलेरिया का सबसे घातक प्रजाति कौन-सी है?**
A. Plasmodium vivax
B. Plasmodium malariae
C. Plasmodium falciparum
D. Plasmodium ovale (C)

*व्याख्या :* Plasmodium falciparum मलेरिया की सबसे घातक प्रजाति है क्योंकि यह तीव्र ज्वर, लाल रक्त कोशिकाओं के फटने और मृत्यु तक का कारण बन सकती है।

4. **मलेरिया की संक्रामक अवस्था कौन-सी होती है?**
A. स्पोरोज़ोइट
B. गैमेटोसाइट
C. शिज़ोंट
D. मिरोज़ोइट (A)

*व्याख्या :* मलेरिया परजीवी की संक्रामक अवस्था स्पोरोज़ोइट होती है, जो मादा एनोफिलीज मच्छर की लार ग्रंथि में बनती है और काटने के समय मानव शरीर में प्रवेश करती है।

5. **मलेरिया में लाल रक्त कोशिकाओं के फटने पर कौन-सा विषाक्त पदार्थ निकलता है?**
A. हीमोज़ोइन
B. बिलीरुबिन
C. मेलानिन
D. सेरोटोनिन (A)

*व्याख्या :* लाल रक्त कोशिकाओं के फटने पर हीमोज़ोइन नामक विषाक्त पदार्थ निकलता है, जो बुखार और कंपकंपी जैसे लक्षण उत्पन्न करता है।

6. **मलेरिया परजीवी का जीवनचक्र कहाँ पूर्ण होता है?**
A. केवल मनुष्य में
B. केवल मच्छर में
C. मनुष्य और मादा एनोफिलीज दोनों में
D. मादा एडीज मच्छर में (C)

*व्याख्या :* मलेरिया परजीवी का जीवनचक्र दो परपोषियों—मनुष्य और मादा एनोफिलीज मच्छर—में पूरा होता है। मनुष्य में अलैंगिक और मच्छर में लैंगिक प्रजनन होता है।

7. **मलेरिया के सामान्य लक्षण कौन-से हैं?**
A. सिरदर्द, थकान, उल्टी
B. ठंड लगना और तेज बुखार
C. पसीना आना
D. उपर्युक्त सभी (D)

*व्याख्या :* मलेरिया के सामान्य लक्षणों में ठंड लगना, तेज बुखार, सिरदर्द, थकान और उल्टी शामिल हैं, जो लाल रक्त कोशिकाओं के फटने के बाद दिखाई देते हैं।

8. **अमीबायसिस (Amoebiasis) का रोगकारक कौन है?**
A. Giardia intestinalis
B. Entamoeba histolytica
C. Plasmodium vivax
D. Leishmania donovani (B)

*व्याख्या :* अमीबायसिस का रोगकारक Entamoeba histolytica है, जो दूषित जल और भोजन के सेवन से फैलता है। यह आंतों को प्रभावित करता है।

9. **अमीबायसिस में संक्रमण का मुख्य माध्यम क्या है?**
A. मच्छर
B. सैंड फ्लाई
C. दूषित जल व भोजन
D. संक्रमित रक्त (C)

*व्याख्या :* अमीबायसिस दूषित जल और भोजन के माध्यम से फैलता है। यह विशेषकर स्वच्छता की कमी वाले क्षेत्रों में अधिक पाया जाता है।

10. **अमीबायसिस के लक्षणों में क्या शामिल है?**
A. कब्ज और पेट दर्द
B. मितली और उल्टी
C. श्लेष्मा व रक्तयुक्त मल
D. उपर्युक्त सभी (D)

*व्याख्या :* अमीबायसिस में कब्ज, पेट दर्द, ऐंठन, मितली, और रक्तयुक्त मल जैसे लक्षण होते हैं, जो आंतों में परजीवी की गतिविधि के कारण उत्पन्न होते हैं।

DESH KA APNA SCHOOL